प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 27.07.2725     समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में की सकारात्मक सोच टीम की सराहना, टीम के सदस्यों ने दिया धन्यवाद।
- कल से शुरू होगा मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का मानसून सत्र, विधानसभा अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल मेट्रो ट्रेन कार्य का किया निरीक्षण।
- प्रदेश में एक बार फिर से तेज बारिश का दौर शुरू।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त-2023 में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना, और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े 50 से भी कम स्टार्ट-अप थे जो आज दो सौ से ज़्यादा हो गए हैं। श्री मोदी ने अगस्त के महीने का खास जिक्र करते हुए कहा कि ये माह क्रांतीकारियों का प्रतीक है। उन्होंने 18 वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो 11 अगस्त,1908 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए।

प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि बुंदेलखंड-ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढकुंडार और चंदेरी के कई किले सिर्फ ईंट-पत्थर  नहीं हैं, ये हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। श्री

मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे इन किलों की यात्रा करें और अपने इतिहास को जानें।

प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सावन की फुहारों के बीच देश एक बार फिर त्यौहारों की रौनक से सजने जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि आगामी नागपंचमी, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी त्यौहार हमारी भावनाओं से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इन पावन पर्वों की शुभकामनाएं दीं।

विधानसभा - मानसून सत्र

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है, जो 8 अगस्त तक चलेगा। आज विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की तैयारियों का जायजा लिया एवं सत्र के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस बारह दिवसीय सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी।

मुख्यमंत्री-मेट्रो ट्रेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार भोपालवासियों को अक्टूबर तक मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा भोपाल मेट्रो का निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

बाइट-मुख्यमंत्री

मन की बात-मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में स्वच्छता के लिये मिसाल बनी भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह टीम शहर के 17 पार्कों की सफाई करती हैं और कपड़े के थैले बांटती हैं। इस टीम में करीब दो सौ महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री की सराहना से सकारात्मक सोच टीम अभिभुत है। टीम की संस्थापक सदस्य किरण शर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि ...

बाइट-किरण शर्मा

टीम की सदस्य सोनाली देशपांडे भी अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रही हैं उन्होंने कहा कि

बाइट-सोनाली देशपांडे

वहीं टीम की अन्य सदस्य श्रद्धा मायांडे ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि ..

बाइट-श्रद्धा मायांडे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभ्ज्ञार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की विशिष्टता और भोपाल की स्वच्छता के प्रति जागरूक महिलाओं की सराहना और उनका उत्साहवर्धन हम सब को प्रेरणा देगा।

पीएम-सीआरपीएफ स्थापना दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर सीआरपीएफ से जुड़े कर्मियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्टर में कहा कि सीआरपीएफ ने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के सुरक्षाकर्मी कठिन परिस्थिति में कर्तव्यज पालन, साहस और समर्पण के लिए जाने जाते है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि देश की सुरक्षा और एकता व शांति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध, यह बल देश की शान है।

मॉनसून

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के सात जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट हैं।

पिछले 24 घंटे में धार जिले में 41 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। नर्मदापुरम जिले लगातार बारिश के चलते इटारसी तवा डैम के तीन गेट खोले गए हैं। वहीं नर्मदा नदी का जल स्तर बढ़ने से तवा बांध से 36 हजार 372 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं ओंकारेश्वर बांध के 09 गेट खोले गए हैं।

उधर खंडवा जिले में लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोल कर 3460 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा हैं जबलपुर में भी झमाझम बारिश हो रही है। जिससे बरगी डैम के 8 गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 21 जिलो के लिए आरैंज अलर्ट है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालो और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतर्क रहने को कहा है।

एपीजे कलाम-जयंती

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. कलाम दूरद्रष्टा, असाधारण वैज्ञानिक, प्रेरक व्यक्तित्व और महान देशभक्त थे। डॉ. कलाम के विचार युवाओं को विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भारत को 'परमाणु शक्ति' के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए समर्पित रहे।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश को संक्षिप्त रूप से मप्र या एमपी लिखे जाने की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जबलपुर हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए दायर याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि मध्यप्रदेश को मप्र या एमपी लिखे जाने से उसका नाम नहीं बदलता बल्कि राज्य की पहचान और आसान हो जाती है।
- शहडोल जिले में वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को सरकार बोनस देगी। किसानों को यह बोनस उनके पास उपलब्ध भूमि के आधार पर

मिलेगा। इसमें उन्हें 4 हजार रुपए से लेकर अधिकतम 10 हजार रुपए तक की बोनस राशि दी जाएगी।

------